आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
शनिवार 12.04.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – राज्य सरकार ठोस और प्रभावी नीति बनाकर जल्द ही उपनल कर्मचारियों को नियमित करेगी।
- टिहरी जिले में ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर अलकनंदा नदी में गिरा वाहन, 5 लोगों की मृत्यु।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने राधा रतूड़ी को राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई।
- अल्मोड़ा के जाखनदेवी में दो दिवसीय उत्तराखण्ड विकास विमर्शशाला का आयोजन।

## मुख्यमंत्री / उपनल

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है राज्य सरकार एक ठोस और प्रभावी नीति बनाकर जल्द ही उपनल कर्मचारियों को नियमित करेगी। उन्होंने कहा कि इसे चरणबद्ध तरीके से तय समय सीमा के भीतर किया जाएगा। आज देहरादून में उपनल कर्मचारी महासंघ की ओर से आयोजित अभिनन्दन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस नियमितीकरण प्रक्रिया से उपनल कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और उनके भीतर आत्म सम्मान की भावना और भी अधिक प्रगाढ़ होगी। उन्होंने कहा कि कई वर्षों से उपनल के अधिकारी, कर्मचारी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा धरने के दौरान उपनल कर्मचारियों पर लगे मुकदमों की भी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कि कहा राज्य सरकार प्रदेश के सैनिकों, पूर्व सैनिकों और बलिदानियों के आश्रितों के कल्याण व उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर उपनल कर्मचारी महासंघ द्वारा उपनल कर्मियों के नियमितीकरण के लिए ठोस नीति बनाए जाने की घोषणा पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## दुर्घटना मृत्यु

टिहरी जिले में ऋषिकेश–बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कीर्तिनगर और देवप्रयाग के बीच आज सुबह एक वाहन गहरी खाई में गिरकर अलकनंदा नदी में समा गया। इस हादसे 5 लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि रेस्क्यू की गई एक महिला को श्रीकोट बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में एक महिला, दो बच्चे और दो पुरुष शामिल हैं। सभी के शवों को बेस अस्पताल श्रीनगर में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। दुर्घटनाओं के कारणों का पता नहीं चल पाया है। हादसे का शिकार लोग फरीदाबाद से गौचर जा रहे थे।

टिहरी के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया दुर्घटना की सूचना मिलते ही सभी संबंधित विभागों ने रेस्क्यू कार्य शुरू किया। उन्होंने बताया कि वाहन को नदी से निकालने के लिए क्रेन की सहायता लेनी पड़ी।

## भूदेव ऐप

भूकंप से लोगों को सतर्क करने के लिए प्रदेश सरकार और आईआईटी रुड़की ने मिलकर 'भूदेव ऐप' विकसित किया है। यह ऐप भूकंप आने से पहले लोगों को सतर्क करेगा। राज्य के विभिन्न हिस्सों में 169 सेंसर और 112 सायरन लगाए गए हैं, जो भूकंप के शुरुआती झटकों को पकड़कर 15 से 30 सेकेंड पहले अलर्ट जारी करेंगे। आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि रिक्टर स्केल पर 5 से अधिक तीव्रता का भूकंप आने पर एप के माध्यम से अलर्ट मिलेगा।

## शपथ

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज राजभवन में राधा रतूड़ी को राज्य मुख्य सूचना आयुक्त तथा कुशला नन्द व देवेन्द्र कुमार आर्य को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद नवनियुक्त राज्य मुख्य सूचना आयुक्त राधा रतूड़ी ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि प्रदेश में सूचना का अधिकार अधिनियम का सही ढंग से कार्यान्वयन हो सके।

## विमर्शशाला

पद्मविभूषण स्वर्गीय बी. डी. पाण्डे स्मृति समारोह समिति की ओर से अल्मोड़ा  के जाखनदेवी में संवाद विषय पर आज से दो दिवसीय उत्तराखण्ड विकास विमर्शशाला का आयोजन किया गया है। पहले दिन 'पहाड़ों में खोते जा रहे आजीविका के मुख्य आधार – पारंपरिक खेती और पशुपालन' विषय पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा ने कहा कि उत्तराखंड सेवा निधि एक पर्यावरण शिक्षा संस्थान है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में मुख्य विषय के बिंदुओं को लेकर प्रस्ताव तैयार कर केंद्र और राज्य सरकार को भेजा जाता है, जिस पर सरकार निर्णय लेती है और लोगों को लाभ मिलता है।

कार्यशाला में पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने कहा कि लोग परम्परागत खेती से विमुख होते जा रहे हैं और केंद्र व राज्य सरकार को इस पर पहल करने की आवश्यकता है।

## उदीयमान योजना ट्रायल

''मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना'' के तहत पौड़ी के रांसी स्टेडियम में जिला स्तरीय खिलाड़ियों के ट्रायल आयोजित किए जा रहे हैं। जिले के 1 हजार 296 बालक–बालिकाओं ने ट्रायल के लिए अपना पंजीकरण किया है। जिला स्तरीय ट्रायल प्रतियोगिता में 300 बालक–बालिकाओं का चयन किया जाना है। जिला क्रीड़ा अधिकारी संदीप डुकलान ने बताया कि योजना के लिए अंतिम ट्रायल 14 अप्रैल तक चलेंगे। ये ट्रायल 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना का उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराना है।

## बैंक सखी योजना

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन– एनआरएलएम के तहत बैंक सखी बिजनेस कॉरस्पोंडेंस योजना का मातृ शक्ति को लाभ मिलने लगा है। पौड़ी जिले में योजना के तहत 278 महिलाओं को बैंकिंग सहित अन्य सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का प्रशिक्षण दिया गया और सेवा उपलब्ध कराने के लिए उन्हें 22 ग्राहक सेवा केंद्रों की आईडी दी गयी हैं। बैंकिंग कार्यों से बैंक सखियों की प्रतिमाह औसतन 08 से 10 हजार की आमदनी हो रही है। खास बात यह है कि सखियां बैंकिंग के अलावा कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से अन्य सेवाएं भी उपलब्ध करा रही हैं। परियोजना निदेशक, डीआरडीए, विवेक उपाध्याय ने बताया कि बैंक सखियों को अधिकृत बायोमीट्रिक डिवाइस और माइक्रो एटीएम मशीन उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे बैंक सखियां, डिजिटल ट्रांजैक्शन कर रही हैं। वे बचत खाते खोलने, जमा, निकासी, एफडी, ऋण और धन प्रेषण काम कर रही हैं। बैंक सखी गांव–गांव और घर–घर जाकर बैंकिंग सेवाएं मुहैया करवा रही हैं। इससे ग्राहकों को अपने ही घर पर लेन–देन या खाते खोलने की सुविधा मिल रही है। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने बताया कि 110 महिलाओं को पूर्व में प्रशिक्षण दिया गया है और 168 महिलाओं को हाल ही में प्रशिक्षण दिलाया गया है। उन्होंने बताया कि बैंक सखी के माध्यम से अभी तक 95 लाख रुपये का ट्रांजैक्शन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि महिलाएं इस योजना से गांव में ही रहकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं।